4ono.com

# हाईस्कूल परीक्षा, 2012

## हिन्दी–केवल प्रश्नपत्र

समय : 3 घण्टे, 15 मिनट] 801 (CB) [पूर्णांक : 70

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

(i) 'डॉ० राजेन्द्र प्रसाद' कहानीकार हैं। (ii) 'सेवा सदन' प्रेमचन्द्र का काव्य संग्रह है। (iii) 'चिन्तामणि' रामचन्द्र शुक्ल के निबन्धों का संग्रह है। (iv) 'आकाशदीप' जयशंकर प्रसाद का नाटक है।

(ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** के लेखक का नाम लिखिए : 1

(i) स्कन्दगुप्त (ii) अर्द्धनारीश्वर
(iii) हिमालय की पुकार (iv) हिन्दी साहित्य का इतिहास।

(ग) 'गोदान' के लेखक का नाम लिखिए। 1

(घ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस विधा की रचना है ? 1

(ङ) 'राहुल सांकृत्यायन' की एक रचना का नाम लिखिए। 1

2.(क) छायावाद-युग के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए। 2

(ख) 'चिदम्बरा' तथा 'दीपशिखा' के रचनाकारों के नाम लिखिए। 2

(ग) डॉ० रामकुमार वर्मा की एक रचना का नाम लिखिए। 1

3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये प्रश्नों के **उत्तर दीजिए** : 2+2+2=6

(क) यह कोई बात नहीं कि एक ही स्वभाव और रुचि के लोगों में ही मित्रता हो सकती है। समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक-दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं। जो गुण हममें नहीं है, हम चाहते हैं कि कोई ऐसा मित्र मिले, जिसमें वे गुण हों। चिन्ताशील मनुष्य प्रफुल्लित चित्त का साथ ढूँढ़ता है, निर्बल बली का, धीर उत्साही का। उच्च आकांक्षा वाला चन्द्रगुप्त युक्ति और उपाय के लिए चाणक्य का मुँह ताकता था। नीति-विशारद अकबर मन बहलाने के लिए बीरबल की ओर देखता था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। (ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) लेखक के अनुसार समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक दूसरे की ओर क्यों आकर्षित होते हैं ?

(ख) तो ईर्ष्यालु लोगों से बचने का क्या उपाय है ? नीत्से कहता है कि "बाजार की मक्खियों को छोड़कर एकान्त की ओर भागो। जो कुछ भी अमर तथा महान है, उसकी रचना और निर्माण बाजार तथा सुयश से दूर रहकर किया जाता है। जो लोग नए मूल्यो का निर्माण करने वाले हैं, वे बाजारों मे नहीं बसते, वे शोहरत के पास भी नहीं रहते। "जहाँ बाजार की मक्खियाँ नहीं भिनकतीं, वहाँ एकान्त है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। (ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। (iii) ईर्ष्यालु लोगों से बचने का क्या उपाय है ?

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य सौन्दर्य लिखिए। 1+4+1=6

(क) सोहत ओढ़ै पीतु पटु, स्याम सलौने गात।
मनौ नीलमनि-सैल पर, आतपु पर्यौ प्रभात।।
अधर धरत हरि कैं परत, ओठ-डीठी-पट ज्योति।
हरित बाँस की बाँसुरी, इन्द्रधनुष-रँग होति।।

(ख) इससे भी सुन्दर सामधियाँ,
हम जग में हैं पाते।
उनकी गाथा पर निशीथ में,
छुद्र जंतु ही गाते।।
पर कवियों की अमर गिरा में,
इसकी अमिट कहानी।
स्नेह और श्रद्धा से गाती
है। वीरों की बानी।।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए तथा उसकी एक रचना लिखिए : 2+1=3

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' (iii) जयप्रकाश भारती।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उसकी एक रचना लिखिए : 2+1=3

(i) तुलसीदास (ii) सुमित्रानन्दन पंत (iii) सुभद्रा कुमारी चौहान।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिएः 1+3=4

पुनः ग्रामीणोअब्रवीत, "इदानीं भवान् पृच्छतु प्रहेलिकां। दण्डदानेन खिन्नः नागरिकः बहुकालं विचार्य न कांचित् प्रहेलिकाम् अस्मरत्" अतः अधिकं लज्जायमानः अब्रवीत् "स्वकीयायाः प्रहेलिकायाः त्वमेव उत्तरं ब्रूहि।" तदा स ग्रामीणः विहस्य स्वप्रहेलिकायाः सम्यक् उत्तरं अवदत् "पत्रम्" इति। *अथवा*

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया गया कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिएः 1+1=2

(i) गृहे सतः मित्रं किम् अस्ति ? (ii) पुत्र दर्शनेन किम् ्भवति ? (iii) वाराणसी नगरी कस्याः कूले स्थिता ? (iv) पदेन बिना किम् दूरं याति ?

8. (क) करुण रस की परिभाषा लिखिए तथा उसका उदाहरण दीजिए। *अथवा*

सीस पर गंगा हँसैं, लट में भुजंगा हँसै।
हास ही कै दंगा भयो, नंगा के विवाह में।।

(ख) उत्प्रेक्षा **अथवा** उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण-सहित लिखिए। 2

(ग) रोला छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइएः 3

(i) परा (ii) अप (iii) अधि (iv) सु (v) परि (vi) अन।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइएः 2

(i) ता (ii) पन (iii) हट (iv) वट (v) आई।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 2

(i) पंचवटी (ii) श्वेताम्बर (iii) गजानन (iv) दिन-रात।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 2

(i) चरन (ii) दही (iii) ओठ (iv) रात।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः 2

(i) बादल (ii) पानी (iii) हवा (iv) फूल।

10.(क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिएः 2

(i) यदि + अपि (ii) अति + आचार
(iii) सु + आगतम् (iv) वन + ओषधि।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप पंचमी विभक्ति बहुवचन में लिखिएः 2

(i) 'मति' अथवा 'मधु' (ii) 'तद्' अथवा 'युष्मद्'

(ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिएः 2

(i) पठामः (ii) हसतु (iii) पश्यन्ति।

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का संस्कृत में अनुवाद कीजिएः 2

(i) मैं जाता हूँ। (ii) वह जायेगी। (iii) पेड़ से पत्ते गिरते हैं। (iv) वह घर गया।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिएः 6

(i) भ्रष्टाचार दूर करने के उपाय (ii) प्रिय पुस्तक (iii) स्वदेश प्रेम
(iv) विज्ञान की देन (v) वर्षा ऋतु।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिएः 3

(क) (i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग का सारांश लिखिए।
(ii) 'मुक्ति दूत' के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ख)(i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहर लाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य का कथा-सार लिखिए।
(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर राजसूय यज्ञ का उल्लेख कीजिए।

(घ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य का कथानक लिखिए।
(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण संक्षेप में कीजिए।

(ङ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।
(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य का सारांश लिखिए।
(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का सारांश लिखिए।
(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ज)(i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'राम-भरत-मिलन' कथा का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।
(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(झ)(i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर नवम् सर्ग का वर्णन कीजिए।
(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

4ono.com